**ननकी राम कंवर**
पूर्व विधायक
विधानसभा क्षेत्र, रामपुर (20)
जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)
एवं
पूर्व मंत्री
गृह, जेल एवं सहकारिता
छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ विधानसभा
सत्यमेव जयते

निवास कोरबा :- रानी रोड, धनुहार पारा
पुरानी बस्ती कोरबा (छ.ग.) 495678
निवास रायपुर :- क्वा.नं. - 45
36 मॉल के पीछे
विधायक कॉलोनी, पुरैना
रायपुर (छ.ग.) 492001
Mob. : +91 7999374417, 9993128383
E-mail : nankiramkanvar@gmail.com

क्रमांक : रामपुर/कोरबा/91/2025 दिनांक : 22/09/2025

प्रतिष्ठा में,

मानननीय श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छत्तिसगढ़ शासन - रायपुर (छ.ग.)

विषय: श्री अजित बसंत कलेक्टर कोरबा जैसे हिटलर प्रशासक को तीन दिवस के अंदर कोरबा से अन्यत्र नहीं हटाये जाने पर शासन / प्रशासन के विरुद्ध धरने पर बैठने के संबंध में ।

............00...........

उपरोक्त विषयान्तार्गत लेख है की श्री अजित बसंत कलेक्टर कोरबा एक लोक सेवक के पद पर होते हुए कोरबा जिले के स्थानीय लोगो को टारगेट में लेकर जिस तरह से संवेधानिक अधिकार का दुरूपयोग किया जा रहा है वह किसी अंग्रेज ज़माने के हिटलर प्रशासक से कम नहीं है । मेरे द्वारा इनके विरुद्ध कई मामलो को सरकार के संज्ञान में लाया गया लेकिन सरकार की मौन रहना प्रदर्शित करता है की अजित वसंत को सरकार में बैठे नेता व अधिकारियो का संरक्षण मिल रहा है जिससे इनका मनोबल बढा हुआ है ।

छत्तिसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद भी ऐसे कलेक्टरों के काम काज से लोगो के हित में काम नहीं होना और लोगो के अधिकार का हनन करना, जबरन किसी व्यक्ति विशेष का कब्ज़ा हटवा देना और व्यक्तिगत दुश्मनी का उपयोग संवेधानिक शक्ति का दुरूपयोग अपने अधीनस्थ अधिकारियो पर दबाव बनाकर किया जाना न्याय हित में नहीं है जो लोकतंत्र के लिए खतरा है ।

अजित वसंत कलेक्टर कोरबा के पदस्थापना कोरबा में किये जाने के बाद इनके संरक्षण में निम्न घोटाला हुआ है:

1. ग्राम पंचायत रजगामार में प्रायः सभी लोग अर्थात 3000 लोग विगत 50 वर्षो से शासकीय भूमि में ही काबिज कर मकान या बाड़ी बनाकर रहते आ रहे है लेकिन उसके बाद भी बिना किसी शिकायत के श्री कौशल चौरसिया महामंत्री भाजपा कुदमुरा मंडल जिला कोरबा को व्यक्ति विशेष चयन कर अपने अधीनस्थ अधिकारी तहसीलदार पर दबाव बनाकर अवैध कब्ज़ा के संबंध में नोटिस भेजना स्पष्ट इनका दुर्भावना पूर्ण कार्यवाही को दर्शाता है ।



Scanned with OKEN Scanner

**ननकी राम कंवर**
पूर्व विधायक
विधानसभा क्षेत्र, रामपुर (20)
जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)
एवं
पूर्व मंत्री
गृह, जेल एवं सहकारिता
छत्तीसगढ़ शासन

निवास कोरबा :- रानी रोड, धनुहार पारा
पुरानी बस्ती कोरबा (छ.ग.) 495678
निवास रायपुर :- क्वा.नं. - 45
36 मॉल के पीछे
विधायक कॉलोनी, पुरैना
रायपुर (छ.ग.) 492001
Mob. : +91 7999374417, 9993128383
E-mail : nankiramkanvar@gmail.com

दिनांक : ..............................

क्रमांक : ..............................

2. श्री रमेश राठौर कोरबा के स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार के कोरबा स्थित मकान को व्यक्ति विशेष चयन कर बरसात के दिनों में तोडवा देना एवं उनके घर के घरेलु सामान को जप्त करवा देना जबकि सिचाई कालोनी में सैकड़ो लोगो ने अवैध कब्ज़ा किया है लेकिन एक व्यक्ति विशेष पर कार्यवाही किया जाना सविधान के न्याय के विरुद्ध है ।
3. कोरबा जिले के 40,000 महिलाओ के साथ अरबो रुपये का ठगी का मामला प्रकाश में आया लेकिन केवल एक दो एफ.आई.आर दर्ज किया गया शेष को कलेक्टर का संरक्षण मिला ।
4. मदनपुर टोल प्लाजा कटघोरा में इनकी पत्नी को बिना फस्ट्रेक लगाये गाडी में बिना टोल टेक्स दिए जाने से कुछ दिन पहले रोके जाने पर गाडी को रोकने वाले टोल प्लाजा में कार्यरत स्थानीय दो युवा ग्रामीण को जेल भेजवा दिया गया ।
5. कारगिल युद्ध लड़ने वाले प्रेमचंद पांडेय जैसे पूर्व सैनिक को मेरे सामने धमकी दिया जाना एवं उनके विरुद्ध षड्यंत्र रचकर उन्हें फर्जी मामले में फ़साने की धमकी दिया जाना एवं अधीनस्थ अधिकारी व पुलिस वाले को भेजकर उनका खोज बिन कराया गया।
6. जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि का करोडो रुपये विधि विरुद्ध मुवाबजा के नाम पर बाट देना और खनिज का पैसा को बालको को निजी लाभ पहुचाने के लिए बालको से साठ गाठ कर रोड को स्वीकृति दे देना एव खनिज विभाग के पैसे को कमीशन में कार्य स्वीकृत किया जाना आम बात है।
7. मालगांव व रलिया में एस.ई.सी.एल के द्वारा अर्जित भूमि के नाम पर फर्जी मुवाबजा बनवाकर करोडो रूपये अपने कर्मचारी अधिकारी के परिवार व शुभ चिंतको के नाम पर बिना जमीन व घर के फर्जी मुवाबजा बनवाया गया जिसमे मेरे शिकायत के बाद 152 लोगो का फर्जी मुवाबजा बनाया गया स्वीकार किया गया लेकिन एक रुपये भी वसूली नहीं किया गया।
8. कलेक्टर की पत्नी डॉ रूपल ठाकुर को जिला खनिज न्यास मद से चिकित्सक के पद पर भर्ती कर कभी चिकित्सकीय कार्य नहीं करती बौजुद उन्हें हर माह लाखो रूपये पेमेंट किया जाता है जो स्पष्ट भ्रष्टाचार को उजागर करता है।



Scanned with OKEN Scanner

**ननकी राम कंवर**
पूर्व विधायक
विधानसभा क्षेत्र, रामपुर (20)
जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)
एवं
पूर्व मंत्री
गृह, जेल एवं सहकारिता
छत्तीसगढ़ शासन

निवास कोरबा :- रानी रोड, धनुहार पारा
पुरानी बस्ती कोरबा (छ.ग.) 495678
निवास रायपुर :- क्वा.नं. - 45
36 मॉल के पीछे
विधायक कॉलोनी, पुरैना
रायपुर (छ.ग.) 492001
Mob. : +91 7999374417, 9993128383
E-mail : nankiramkanvar@gmail.com

क्रमांक : ..........................  दिनांक : ..................................

9. मेरे सहयोगी श्री अनिल चौरसिया जो भाजपा का वरिष्ठ कार्यकर्ता है जिनको व्यक्तिगत चयन कर एक हत्या जैसे संज्ञेय अपराध के आरोपी दुर्गा टंडन के माध्यम से फर्जी शिकायत लिखवाकर एवं एस.ई.सी.एल रजगामार पर दबाव बनवाकर उन्हें नोटिस भेजवाया गया और उनको अपने अधीनस्थ अधिकारियो के माध्यम से व्यक्ति विशेष को अन्य विभाग से नोटिस देना संविधान के अनुच्छेद 14 का खुला उल्लंघन है एवं जाँच को दबाव पूर्ण प्रतिवेदन बनाने के लिए प्रेशर करना प्राक्रतिक न्याय का सिद्धांत के सिद्धांत के विपरीत काम कलेक्टर द्वारा दुर्भावना वस किया जा रहा है ।
10. ग्राम कनकी स्थित श्री नूतन रजवाड़े जो हमारे भाजपा में वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महामंत्री के भाई के निजी भूमि में बने बाउंड्रीवाल को तोडवाकर सब्जी को भी नष्ट कर दिया गया एवं पेट्रोल पम्प को सिल करवा दिया गया ।
11. श्रीमती रामूला राठिया सरपंच ग्राम पंचायत रजगामार को माननीय उच्च न्यायलय छत्तिसगढ़ व राज्य सरकार के आदेश एवं न्यायलय संभाग आयुक्त के आदेश के विरुद्ध के विरुद्ध विधि विरुद्ध उनको परेशान करने की नियत से उनका वित्तीय अधिकार पर शर्त निर्धारित कर देना आहरण पर रोक लगाने के लिए षड़यंत्र रचना और कराये गए कार्यों का राशी विधि विरुद्ध एक पक्षीय समयोजन हेतु वसूली कर लिया गया अनुमति के बाद 15वे वित्त और मुलभुत से कराये गए निर्माण कार्यो का भुगतान का आदेश देने के बाद मौखिक आदेश पर रोक लगाकर अन्वाश्यक परेशान किया गया है ।
12. मेरे जैसे वरिष्ठ जनसंघ के ज़माने से आज तक मध्यप्रदेश व छत्तिसगढ़ शासन में कई बार केबिनेट मंत्री रहा कई बार विधायक बना और मुझसे बतमीजी से बात करना और मुझे कहना की आदमी लेकर क्यों आते हो स्पष्ट प्रमाण है की जनप्रतिनिधियों से कैसा व्यवहार करता है ।
13. बरपाली में मेरे से जुड़े विक्की अग्रवाल का राईस मिल को सिल करवा दिया गया ।
14. कोरबा जिले में कोयला चोरी, रेत चोरी, राखड परिवहन एवं अन्य प्रकार के सभी में इनके इशारे में वसूली का खेल चल रहा है ।

उपरोक्त कंडिका 1 से कंडिका 14 में उल्लेखित सभी बाते प्रमाणित शिकायत है जो स्पष्ट प्रमाण है की अजित बसंत कलेक्टर कोरबा एक लोक सेवक होते अपना



Scanned with OKEN Scanner

**ननकी राम कंवर**
पूर्व विधायक
विधानसभा क्षेत्र, रामपुर (20)
जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)
एवं
पूर्व मंत्री
गृह, जेल एवं सहकारिता
छत्तीसगढ़ शासन

निवास कोरबा :- रानी रोड, धनुहार पारा
पुरानी बस्ती कोरबा (छ.ग.) 495678
निवास रायपुर :- क्वा.नं. - 45
36 मॉल के पीछे
विधायक कॉलोनी, पुरैना
रायपुर (छ.ग.) 492001
Mob. : +91 7999374417, 9993128383
E-mail : nankiramkanvar@gmail.com

दिनांक : ..............................

क्रमांक : ..............................

व्यक्तिगत दुश्मनी हमारे भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता लोगो के साथ दुर्भावना पूर्ण कार्यवाही किया जा रहा है जो लोक हित में अपराध की श्रेणी में आता है ।

इस संबंध में मेरे द्वारा पूर्व में भी सरकार का ध्यानाकर्षण कराया था लेकिन सरकार के द्वारा शिकायत पर कोई विचार नहीं किया गया ।

अतः आपसे अनुरोध है की उपरोक्त शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए तत्काल 3 दिवस के भीतर यदि अजित बसंत कलेक्टर कोरबा का स्थानांतरण नहीं किया गया तो मुझे मजबूर होकर पीड़ित लोगो के समर्थन में जन हित में सरकार व जिला प्रशासन के हिटलर साही प्रशासन के विरुद्ध धरने पर बैठने के लिए बाद्य होना पड़ेगा जिसके लिए सरकार व प्रशासन जिम्मेदार रहेगा।

**(ननकी राम कंवर)**

प्रतिलिपि: 1. श्री अमिताभ जैन साहब, मुख्य सचिव छत्तिसगढ़ शासन को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सूचनार्थ ।
2. श्री सुबोध सिंह साहब, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय छत्तिसगढ़ शासन को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सूचनार्थ ।
3. श्री अरुण देव गौतम साहब, पुलिस निदेशक पुलिस मुख्यालय रायपुर (छ.ग.) ।
4. श्री सुनील कुमार जैन साहब, संभाग आयुक्त बिलासपुर संभाग (छ.ग.) ।
5. श्री किरण सिंह देव जी प्रदेशाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश ।
6. श्री पवन साय जी , महामंत्री (संगठन) भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश ।

**(ननकी राम कंवर)**



Scanned with OKEN Scanner